लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1073

18 सितंबर, 2020 को उत्तर दिए जाने के लिए

मास्क/पीपीई किट के लिए सामग्रियों की उपलब्ध्ता

1073. श्री संगम लाल गुप्ताः

क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या देशभर में कोविड-19 की गंभीरता को देखते हुए देश में मास्क/पीपीई किट के विनिर्माण हेतु पर्याप्त सामग्रियां उपलब्ध हैं; और

(ख) वस्त्र उद्योग द्वारा किन देशों से स्वास्थ्य संबंधी सामग्री/उपकरण आयात/निर्यात किए गए हैं?

उत्तर

वस्त्र मंत्री

(श्रीमती स्मृति ज़ूबिन इरानी)

(क): जी,हां। मार्च, 2020 में पीपीई किटों के विनिर्माता की संख्या शून्य थी जबकि अब तक सरकार द्वारा पीपीई किटों के 1100 स्वदेशी विनिर्माता विकसित किए गए हैं जिनमें से अधिकांश एमएसएमई क्षेत्र से हैं। कोविड-19 के लिए पीपीई कवरॉल्स की क्षमता तथा उत्पादन मई, 2020 के मध्य तक प्रति दिन 5 लाख तक पहुंच गया था। 13.09.2020 की स्थिति के अनुसार सरकारी अस्पतालों में चिकित्सा व्यावसायिकों के प्रयोग के लिए मैसर्स एचएलएल लाइफ केयर लि.-स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की खरीद शाखा को कुल 1.42 करोड़ पीपीई किटों की आपूर्ति की जा चुकी है।

(ख): मार्च से जून, 2020 के दौरान पीपीई कवरॉल्स का निर्यात निषेध सूची के अंतर्गत था। दिनांक 28.07.2020 से 24.08.2020 तक कवरॉल्स के निर्यात की 50 लाख प्रति माह तक सीमित मात्रा प्रतिबंध के अंतर्गत अनुमति दी गई। इस अवधि के दौरान संयुक्त राज्य अमेरिका, यूनाइटेड किंग्डम, संयुक्त अरब अमीरात, सेनेगल, स्लोविनिया के लिए निर्यात प्राधिकार दिए गए जिसका विवरण नीचे दी गई तालिका में दर्शाया गया है।

क्र.सं.	देश	जुलाई-अगस्त 2020 में पीपीई कवरॉल्स के निर्यात के लिए प्राधिकार (मात्रा संख्या में)
1.	संयुक्त राज्य अमेरिका (यूएसए)	6,00,000
2.	यूनाइटेड किंग्डम (यूके)	4,00,000
3.	संयुक्त अरब अमीरात (यूएई)	3,00,000
4.	सेनेगल	4,89,500
5.	स्लोविनिया	5,00,000
	कुल	**22,89,500**

दिनांक 25.08.2020 से बिना किसी प्रतिबंध के पीपीई कवरॉल्स के निर्यात की अनुमति दी गई। जहां तक एन-95 मास्क का संबंध है, दिनांक 31.01.2020 से निर्यात प्रतिबंध के अंतर्गत था। इसके बाद दिनांक 25.08.2020 से 50 लाख प्रतिमाह के मात्रात्मक प्रतिबंध के साथ निर्यात की अनुमति दी गई है।

*****